



SHRI KARAN JOHAR

Shri Karan Johar is an acclaimed director and producer at the helm of Dharma Productions, one of India's leading production houses. He is widely acknowledged for his contribution to mainstream entertainment through his films that appeal to the masses as well as urban audiences. Over the years, under his vision and leadership, Dharma has diversified into a global media conglomerate, catering to every aspect of the media and entertainment industry from ad filmmaking to digital series.

2. Born on 25th May 1972, Shri Johar attended the HR College of Commerce and Economics in Mumbai and secured an M.A. in French. From a very young age, he was exposed to the world of cinema via his father Shri Yash Johar, an illustrious producer in his own right and the founder of Dharma Productions. He was in his early 20s when Shri Johar assisted Shri Aditya Chopra while making the landmark film “Dilwale Dulhania Le Jayenge”.

3. Shri Johar's directorial debut was the iconic love story “Kuch Kuch Hota Hai”, which won him critical acclaim and commercial success both in India as well as in International markets. Over the last 15 years, he has directed and written critically and commercially acclaimed blockbusters like “Kabhie Khushi Kabhi Gham”, “Kabhi Alvida Na Kehna” and “My Name is Khan”. While his films have ruled the box office both at home and overseas, they have also set benchmarks in India for style and grandeur. He has been as a purveyor of fashion, with an entire generation aspiring to look, walk and talk like the characters he brought to life on screen. His sense of aesthetics comes across in every aspect of his films, right from sets to costumes.

4. Shri Johar after his father's passing took over the reins of Dharma Productions in 2004. Under his leadership, the company has grown from strength to strength, producing dozens of films which include a series of blockbusters and critically acclaimed films like “Raazi”, “Yeh Jawaani Hai Deewani”, “2 States” & “Kapoor & Sons”. Dharma Productions has earned a name in the industry for encouraging and launching a fresh talent pool of directors like Puneet Malhotra, Shakun Batra and Shashank Khaitan, together with rising stars such as Alia Bhatt, Sidharth Malhotra and Varun Dhawan. In October 2016, he forayed into ad film making through a separate in-house division Dharma 2.0 and in November 2018, into digital content with Dharmatic Entertainment. He has multiple facets to his personality right from being a television personality, to a talk show host, to a costume designer, to a radio show host, to an actor. His talk show ‘Koffee With Karan’ has the distinction of being the most watched English talk show on Indian television. As a television personality he has been on the judges panel for massively popular reality shows like “India's Got Talent” and “Jhalak Dikhhla Jaa”.

5. Shri Johar has been conferred a number of awards and honours throughout his career. His very first film “Kuch Kuch Hota Hai” won a National Award, while his first production venture “Kal Ho Naa Ho” won two National Awards. He has been honoured with multiple Filmfare Awards and IIFA Awards, in addition to numerous film awards known across the industry. He has also represented the Indian film industry in many international forums. In 2017, he was invited as a cultural leader to the World Economic Forum at Davos. Back in 2006, he became the first Indian filmmaker to be a jury member in the Miss World competition at Warsaw. He is the only other Indian apart from ex-Prime Minister Shri Manmohan Singh to be invited for the opening ceremony of the London Olympics. In 2007, he was chosen as one of the 250 Global Young Leaders by the World Economic Forum at Geneva.





श्री करण जौहर

श्री करण जौहर भारत के प्रमुख प्रोडक्शन हाउस में से एक, 'धर्मा प्रोडक्शंस' के अत्यंत ख्यातिप्राप्त निर्देशक और निर्माता हैं। उनको फिल्मों के माध्यम से मुख्यधारा के मनोरंजन में अप्रतिम योगदान के लिए जाना जाता है। इन फिल्मों ने आम जनता के साथ साथ शहरी दर्शकों को भी आकर्षित किया है। इन वर्षों में, करण की संकल्पना और अगुवाई में, 'धर्मा प्रॉडक्शन' वैश्विक मीडिया समूह के रूप में उभरकर सामने आया है, जो विज्ञापन फिल्म निर्माण से लेकर डिजिटल सीरीज तक मीडिया और मनोरंजन उद्योग के हर क्षेत्र में अपनी पहचान बना रहा है।

2. 25 मई, 1972 को जन्मे, श्री जौहर ने मुंबई में एचआर कॉलेज ऑफ कॉमर्स एंड इकोनॉमिक्स में पढ़ाई की और फ्रेंच भाषा में एम. ए. की डिग्री प्राप्त की। देश के प्रसिद्ध फिल्म निर्माता और निर्देशक तथा धर्मा प्रॉडक्शन के संस्थापक अपने पिता श्री यश जौहर की वजह से उन्हें बहुत छोटी उम्र से ही उनका परिचय फिल्मों की दुनिया से हो गया था। श्री जौहर ने बीस वर्ष की कम आयु में ही अत्यंत प्रसिद्ध और ऐतिहासिक फिल्म "दिलवाले दुल्हनिया ले जाएंगे" के निर्माण के दौरान श्री आदित्य चोपड़ा के साथ सहायक निर्देशक के रूप में काम किया ।

3. श्री जौहर के निर्देशन में पहली फिल्म 'कुछ कुछ होता है' एक अनोखी प्रेम कहानी थी, जिसने उन्हें भारत के साथ–साथ विश्व बाजार में प्रशंसा और व्यावसायिक सफलता दिलाई। पिछले 15 वर्षों के दौरान, उन्होंने "कभी खुशी कभी गम", "कभी अलविदा ना कहना" और "माई नेम इज खान" जैसी फिल्मों का निर्देशन और लेखन किया है। इन फिल्मों को समीक्षकों ने सराहा है और ये व्यावसायिक रूप से कामयाब रही हैं। जहां उनकी फिल्मों ने देश और विदेश दोनों जगह बॉक्स ऑफिस पर राज किया है, वहीं उन्होंने भारत में फिल्मों में शैली और भव्यता के क्षेत्र में नए मानक भी स्थापित किए हैं। करण को ऐसे फैशन के प्रवर्तक के रूप में देखा जाता है जिससे प्रभावित होकर पूरी पीढ़ी, उन पात्रों की तरह दिखने, चलने और बात करने की आकांक्षा रखती है, जिन्हें उन्होंने पर्दे पर जीवंत किया है। सेट से लेकर कॉस्ट्यूम तक, उनकी फिल्मों के हर पहलू में उनके सौंदर्यबोध की छाप स्पष्ट दिखाई देती है ।

4. श्री जौहर ने अपने पिता के निधन के बाद 2004 में धर्मा प्रोडक्शंस की बागडोर संभाली। उनकी देखरेख में, कंपनी दर्जनों फिल्मों का निर्माण करते हुए मजबूती से आगे बढ़ी है। इन फिल्मों में "राज़ी", "ये जवानी है दीवानी", "2 स्टेट्स" और "कपूर एंड संस" आदि जैसी सफल फिल्में शामिल हैं। भारतीय फिल्म उद्योग में धर्मा प्रोडक्शंस को आलिया भट्ट, सिद्धार्थ मल्होत्रा और वरुण धवन जैसे उभरते सितारों के साथ साथ पुनीत मल्होत्रा, शकुन बत्रा और शशांक खेतान जैसे नए निर्देशकों को प्रोत्साहित करने और लॉन्च करने के लिए भी जाना जाता है । अक्टूबर 2016 में, उन्होंने एक अलग इन–हाउस डिवीजन धर्मा 2.0 के माध्यम से विज्ञापन फिल्म निर्माण और नवंबर 2018 में, धर्मैटिक एंटरटेनमेंट के साथ डिजिटल सामग्री के निर्माण के क्षेत्र में पदार्पण किया है। उनके व्यक्तित्व के कई पहलू हैं, जैसे टेलीविजन पर्सनलिटी से लेकर टॉक शो होस्ट, कॉस्ट्यूम डिजाइनर, रेडियो शो होस्ट और अभिनेता। उनके टॉक शो 'कॉफी विद करण' को भारतीय टेलीविजन पर सबसे ज्यादा देखे जाने वाला अंग्रेजी टॉक शो होने का गौरव प्राप्त है। वे टेलीविजन पर्सनलिटी के रूप में "इंडियाज गॉट टैलेंट" और "झलक दिखला जा" जैसे बहुत लोकप्रिय रियलिटी शो के निर्णायक पैनल में भी रहे हैं।

5. श्री जौहर को उनके पूरे करियर में अनेक पुरस्कार और सम्मान प्रदान किए गए हैं। उनकी पहली फिल्म "कुछ कुछ होता है" ने राष्ट्रीय पुरस्कार जीता, जबकि निर्माता के रूप में उनकी पहली फिल्म "कल हो ना हो" को दो राष्ट्रीय पुरस्कार प्राप्त हुए। उन्हें कई फिल्मफेयर अवार्ड्स और आईआईएफए अवार्ड्स से सम्मानित किए जाने के साथ साथ फिल्म उद्योग में कई प्रतिष्ठित फिल्म पुरस्कार भी प्रदान किए गए हैं। उन्होंने कई अंतरराष्ट्रीय मंचों पर भारतीय फिल्म उद्योग का प्रतिनिधित्व भी किया है। 2017 में, उन्हें दावोस में आयोजित विश्व आर्थिक मंच में सांस्कृतिक अग्रदूत के रूप में आमंत्रित किया गया था। 2006 में वे वारसॉ में मिस वर्ल्ड प्रतियोगिता में जूरी सदस्य बनने वाले पहले भारतीय फिल्म निर्माता बने। उनको लंदन ओलंपिक के उद्घाटन समारोह में आमंत्रित किया गया था और वे पूर्व प्रधानमंत्री श्री मनमोहन सिंह के अलावा आमंत्रित किए जाने वाले एकमात्र अन्य भारतीय थे। वर्ष 2007 में जिनेवा में विश्व आर्थिक मंच द्वारा उन्हें 250 ग्लोबल यंग लीडर्स में शामिल किया गया था।